<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–07 जुलाई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नेताओं के घोषणा पत्र में पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में नहीं होनी चाहिए कोई हिचकिचाहट।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्रिगण और जनप्रतिनिधियों से किया संवाद, कहा–सैंतीस करोड़ पौधे लगा कर उत्तर प्रदेश बनाएगा रिकॉर्ड।
- उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कल ग्रेटर नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया ट्रामा कॉन्क्लेव में हुए शामिल, कहा– प्रदेश सरकार सभी के लिए सुलभ और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिये है प्रतिबद्ध।
- लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव का हुआ समापन, सम्मानित किए गए आम उत्पादक और निर्यातक।

**********

ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नेताओं के घोषणापत्र में पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई है। एक रिपोर्ट

**बाईस अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए इस आतंकवादी हमले में प्रदेश के कानपुर के एक युवक समेत छब्बीस लोग मारे गए थे। इस हमले की निंदा करते हुए ब्रिक्स नेताओं ने आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही, आतंकवाद के वित्तपोषण और सुरक्षित पनाहगाहों सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने और भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए सदस्य देशों को धन्यवाद दिया। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपने सम्बोधन के दौरान पहलगाम हमले को भारत की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह न केवल भारत बल्कि पूरी मानवता के लिए एक झटका है। उन्होंने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का आग्रह किया और कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू पर नहीं तौला जा सकता। अगर कोई देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद का समर्थन करता है तो उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कल प्रदेश के मंत्रिगण, सांसदगण, विधायकगण और विधान परिषद सदस्यों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में ईमानदारी से किए गए प्रयासों से प्रदेश के वन आच्छादन में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नौ जुलाई को सैंतीस करोड़ पौधे लगा कर उत्तर प्रदेश रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए संकल्प के अनुरूप भारत वर्ष दो हजार सत्तर तक कार्बन उत्सर्जन के संबंध में नेट जीरो का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वह अभियान के दौरान अपने अपने क्षेत्रों का नेतृत्व करें।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्यों, ब्लॉक पंचायत सदस्य, पार्षद व ग्राम प्रधानों के साथ भी संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को खेत की मेड़ पर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाए।

पेड़ लगाने के पांच वर्ष पूरे होने पर कार्बन क्रेडिट के तहत उन्हें प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्बन क्रेडिट के तहत पिछले वर्ष किसानों को बत्तीस लाख अस्सी हजार रुपये का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने अपील की कि सभी नागरिक और कर्मचारी एक पेड़ अवश्य लगाएं। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान कुपोषित परिवारों को सहजन का पौधा दिया जा रहा है जिससे राष्ट्रीय पोषण अभियान को भी बल मिलेगा।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांवड़ यात्रा हर वर्ष की तरह इस बार भी सकुशल तरीके से पूर्ण होगी। मेरठ के सर्किट हाउस में कल पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार सजग है।

**चाहे कांवड़ यात्रा हो, चाहे प्रयागराज कुंभ हो, चाहे अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद वह दर्शन के लिए लोगों को जाना हो, चाहे बाबा विश्वनाथ जी का धाम काशी का हो, जो भी धार्मिक मेले हुए हैं, धार्मिक जो परंपरागत होते रहें, वो बहुत मुस्लिम त्यौहार भी बहुत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए हैं और किसी भी गड़बड़ी करने वाले का संरक्षण भी नहीं होगा। त्यौहार मनाओ, अच्छे से मनाओ, सरकार पूरी जो व्यवस्था करनी होती है सुरक्षा की व्यवस्था करती है, लेकिन उत्तर प्रदेश का कोई माहौल खराब न करे।**

**********

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कल ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में आयोजित ऑल इंडिया ट्रॉमा कॉन्क्लेव में शामिल हुए। कॉन्क्लेव का आयोजन ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में नवाचारों और प्रगति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी के लिए सुलभ और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**शिक्षक और चिकित्सक दोनों ऐसे हैं जो जीवन एक गढ़ने का काम करता है और एक जीवन बचाने का काम करता है। आप ईश्वर के रूप हो तो हम लोगों को इस बात की चर्चा जन–जन में पहुंचानी चाहिए कि ट्रामा हो ही न और यदि है भी तो उसका परसेंटेज हम कम करने का प्रयास करें।**

कार्यक्रम के दौरान श्री पाठक ने कॉन्क्लेव में प्रदर्शित किये गये अत्याधुनिक ट्रॉमा केयर उपकरणों और तकनीकों का अवलोकन भी किया।

**********

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय आम महोत्सव का कल समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आम उत्पादकों और निर्यातकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल और वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना भी मौजूद थे। महोत्सव में देश भर के बागानों से चुन कर लाये गये आठ सौ से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस दौरान विविध आयोजन भी किए गए।

**********

यूपी पॉवर कार्पोरेशन ने कामर्शियल कार्यों को सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए कामर्शियल ऐप लांच किया है। इससे मीटर रिप्लेसमेंट आवेदन और केवाईसी से संबंधित सभी कार्य किये जा सकेंगे। ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मीटर को ट्रैक भी किया जा सकता है।

**********

मोहर्रम की दसवीं तारीख यौमे आशुरा के मौके पर कल प्रदेश भर में ताजिया जुलूस निकाले गये। यह दिन पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। लखनऊ में यौमे आशूरा का जुलूस विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित नाजिम साहब के इमामबाड़े से तालकटोरा की कर्बला तक निकाला गया। जुलूस में शामिल हिंदू धर्म गुरू स्वामी सारंग ने कहा कि इमाम हुसैन की कुर्बानी हमें एकता और भाईचारे का पाठ सिखाती है। एक रिपोर्ट

**पूरे भारत में लखनऊ को ताजियादारी और अजादारी का केंद्र बिंदु माना जाता है। यहां पर नवाबी दौर से ही हिंदू और मुसलमान दोनों मिलकर इमाम हुसैन का गम मानते आ रहे हैं। मोहर्रम के जुलूस में स्वामी सारंग ने छूरी का मातम करके इस भाईचारे का संदेश दिया। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

प्रदेश के अन्य जिलों में भी कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में ताजिया जुलूस निकाले गये, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

**********

गाजीपुर जिले में कल शाम एक कार की टक्कर से बाइक सवार चार लोगों की मौत हो गई। जंगीपुर थानाक्षेत्र के चौकिया मोड़ पर हुए इस हादसे में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आज अनेक स्थानों पर, जबकि पूर्वी जिलों में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में कुछ स्थानों पर कल से बारह जुलाई तक गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल से दस जुलाई तक कहीं कहीं यही स्थिति बनी रहेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज से नौ जुलाई तक भारी वर्षा के साथ साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। इस बीच, प्रदेश के पश्चिमी इलाकों के कुछ जिलों में कल हल्की बारिश हुयी, जबकि पूर्वी जिलों में मौसम सामान्य रहा। मानसूनी बारिश के कारण प्रदेश के कुछ जिलों में नदियों का जल स्तर भी बढ़ गया है। मिर्जापुर में गंगा नदी के जल स्तर में औसतन सवा सेंटीमीटर प्रति घंटे की वृद्धि हो रही है।

**********